# किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने कृषि मंत्री जोशी से की मुलाकात

**निर्देश**

**8 - मंत्री ने सेब काश्तकारों का शेष भुगतान एक माह के भीतर करने के दिए निर्देश**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर संगठन के नेतृत्व में विभिन्न किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को हाथीबड़कला स्थित कैंप कार्यालय में कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों के संबंध में मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान किसान संगठन के प्रतिनिधियों ने कृषि मंत्री गणेश जोशी के समक्ष अपनी विभिन्न समस्याओं को रखा। किसानों ने मंत्री को बताया कि निरंजनपुर मंडी के आढ़तियों ने किसानों से 1.78 करोड़ के सेब खरीदकर कई सालों से अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। इस पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने सचिव मंडी को एक माह के भीतर शेष भुगतान करने के निर्देश दिए।
कृषि मंत्री ने कहा कि अभी तक 24 किसानों का 22 लाख रुपये का भुगतान किया गया है। उन्होंने कहा कि करीब 210 किसानों का भुगतान बकाया है, जो शीघ्र ही उन्हें दिए जाएगा। इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों की ओर से कहा गया है कि भुगतान राशि पर सवा छह प्रतिशत मंडी शुल्क या अन्य शुल्क लिया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि इस संबंध में सचिव कृषि को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार किसानों के हित और उनके कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।
कृषि मंत्री ने किसान संगठन के प्रतिनिधियों की अन्य मांगों पर भी सकारात्मक आश्वासन देते हुए शीघ्र सभी समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलाया।

# तीन दिवसीय वसंतोत्सव-2024 का आगाज, राज्यपाल ने किया उद्घाटन

**शुभारंभ**

**8 देहरादून स्थित राजभवन में तीन दिवसीय वसंतोत्सव-2024 का शुक्रवार को शुभारंभ हो गया है।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
देहरादून स्थित राजभवन में तीन दिवसीय वसंतोत्सव-2024 का शुक्रवार को शुभारंभ हो गया है। फूलों की प्रदर्शनी के दीदार के लिए, तीन मार्च तक राजभवन में निःशुल्क प्रवेश की सुविधा रहेगी। वसंतोत्सव-2024 के शुभारंभ के अवसर पर उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने वसंतोत्सव का उद्घाटन किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, मंत्री सतपाल महाराज आदि थे। राज्यपाल ने बताया कि एक मार्च से तीन मार्च तक यह कार्यक्रम चलेगा। इसके तहत आम जनता फूलों की प्रदर्शनी का दीदार कर सकेंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही के लिए क्लेम सैटलमेंट का उद्योग-अग्रणी अनुपात कायम रखा

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
वित्तीय नियोजन की अगर बात करें, तो जीवन बीमा इसका एक अनिवार्य घटक है, जो परिवार और आश्रितों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है। यह पॉलिसीधारक की असामयिक मृत्यु की स्थिति में परिवार की वित्तीय भलाई सुनिश्चित करने के लिए कंपनी द्वारा किया गया एक वादा है। इन अर्थों में यह किसी प्रियजन को खोने के कारण उत्पन्न वित्तीय संकट को कम करने का एक बेहतर तरीका है। जीवन बीमा के मामले में क्लेम एक सच्चाई है और इसलिए किसी को उसी ब्रांड से पॉलिसी खरीदनी चाहिए, जिस पर वे भरोसा करते हैं। क्लेम सैटलमेंट अनुपात और दावा निपटाने में लगने वाले औसत समय के मूल्यांकन के आधार पर ग्राहक अपने अनुकूल जीवन बीमाकर्ता का चुनाव कर सकते हैं। क्लेम सैटलमेंट के मामले में टर्नअराउंड समय भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह सुनिश्चित करता है कि लाभार्थियों को दावे की राशि शीघ्र प्राप्त हो। हालाँकि, जिम्मेदारी पूरी तरह से बीमा कंपनी की नहीं है। ग्राहक खरीदारी के समय सभी प्रकार की जानकारी का सच्चाई से खुलासा करने की जिम्मेदारी भी निभाते हैं, इससे नामांकित लोगों के लिए त्वरित और परेशानी मुक्त दावा अनुभव सुनिश्चित किया जा सकता है। नियमों के अनुसार, जीवन बीमाकर्ता तिमाही आधार पर अपने दावा निपटान अनुपात की घोषणा करते हैं। आखिरकार व्यक्ति यह सुनिश्चित करने के लिए जीवन बीमा खरीदते हैं कि किसी भी स्थिति में उनके आश्रित वित्तीय रूप से सुरक्षित रहें।

### एमेजॉन इंडिया अब हरियाणा में महिलाओं को नाइट शिफ्ट में काम करने का सुनहरा मौका दे रहा है

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
एमेजॉन इंडिया ने आज हरियाणा में अपने एक बड़े सॉर्ट सेंटर में वीमन इन नाइट शिफ्ट्स (विन्स) के लॉन्च की घोषणा की है। एमेजॉन की मौजूदा पहलों में एक और पहल विन्स जोड़ी गई है, जिसमें महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और सहायक काम करने का वातावरण बनाया जाएगा। पुरुषों और महिलाओं दोनों को विभिन्न शिफ्ट्स में काम करने के समान अवसर दिए जाएंगे। साथ ही सभी के लिए समावेशिता को बढ़ावा मिलेगा। भारत के कुछ राज्यों में नियमों के तहत खास तौर पर महिलाओं की सुरक्षा के मद्दे नजर और भलाई के बारे में सोचते हुए वेयरहाउसिंग ऑपरेशन्स के काम के लिए नाइट शिफ्ट में महिलाओं की ड्यूटी पर रोक है। इसलिए विन्स पहल को सफल बनाने के लिए रक्षा, हिफाजत और भलाई को केंद्र में रखा गया है। एमेजॉन इंडिया सभी के लिए समान काम के अवसर की वकालत करते हुए राज्य सरकारों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। अपनी भरपूर कोशिशों और अधिकारियों के सहयोग से कंपनी ने तमिलनाडु, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, पंजाब और अब हरियाणा की चुनिंदा साइट्स पर महिलाओं के लिए नाइट शिफ्ट ऑपरेशंस को सफलतापूर्वक सक्षम किया है।
लिजू थॉमस, डायरेक्टर ऑफ एचआर, इंडिया ऑपरेशन्स, एमेजॉन इंडिया ने कहा कि हम सभी को समान अवसर देने और कार्यस्थल पर महिलाओं को आने वाली मुश्किलों को दूर करने में विश्वास करते हैं। साथ ही महिलाओं को नाइट शिफ्ट में काम करने में मदद करने के लिए हम सरकार के आभारी हैं। विन्स को लॉन्च करना लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और हमारे कर्मचारियों और सहयोगियों के लिए एक सुरक्षित कार्य वातावरण बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है।
दुष्यन्त चौटाला, उपमुख्यमंत्री, हरियाणा सरकार ने कहा कि हम कार्यस्थल पर सभी को समान अवसर और महिलाओं को हर शिफ्ट में काम करने का अवसर प्रदान करने के लिए एमेजॉन इंडिया की सराहना करते हैं। हरियाणा सरकार ने महिलाओं को काम करने के समान अवसर देने वाली नीतियां बनाने के लिए परिश्रम के साथ काम किया है, ताकि अधिक समावेशी और समानतापूर्ण कार्यबल का विकास हो। ये प्रयास लैंगिक समानता और कार्यस्थल पर सुरक्षा की ओर एक महत्वपूर्ण पहल हैं।
एमेजॉन इंडिया ने अपने इकोसिस्टम में महिलाओं को कई सुनहरे अवसर दिए हैं, जिनमें विक्रेता भागीदार, ऑपरेशंस नेटवर्क भागीदार, सामुदायिक लाभार्थी, कर्मचारी और सहयोगी आदि शामिल हैं, जो पूरे देश में एमेजॉन के विविध ग्राहक आधार को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

# पुलिस ने पांच अपराधियों पर लगाया गुंडा एक्ट

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
थाना पिरान कलियर पुलिस ने उत्तराखंड गोवंश संरक्षण अधिनियम व एनडीपीएस एक्ट से संबंधित पांच आदतन अपराधियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध गुंडा अधिनियम में कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर चलानी रिपोर्ट तैयार की है।
आरोपितों के नाम तंजीम पुत्र आमिर निवासी ग्राम मुकर्बपुर थाना पिरान कलियर जनपद हरिद्वार, नसीम उर्फ बकरा पुत्री युसूफ निवासी ग्राम शिवदासपुर तेलीवाला थाना पिरान कलियर, इस्तकार पुत्र छमन निवासी ग्राम महमूदपुर थाना पिरान कलियर जनपद हरिद्वार, रोहित पुत्र महेंद्र निवासी ग्राम बेडपूर थाना पिरंथालिया जनपद हरिद्वार व तनवीर पुत्र इकराम निवासी इमाम साहब रोड थाना पिरान कलियर जनपद हरिद्वार बताए गए हैं।

# रोगों के निदान एवं उपचार से संबंधित एक्स-रे तकनीकी के बारे में दी जानकारी

**कार्यशाला**

**8 भेषज विज्ञान विभाग में आयोजित कार्यशाला मे क्ताओं ने तकनीकों से लाभान्वित किया।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के भेषज विज्ञान विभाग में आयोजित कार्यशाला में दूसरे दिन शुक्रवार को प्रतिभागियों को विभिन्न वक्ताओं ने अपने अनुभव एवं संबंधित तकनीकों से लाभान्वित किया। कार्यशाला में पीजीआई रोहतक की डॉक्टर स्वाति ने रोगों के निदान एवं उपचार से संबंधित एक्स-रे तकनीकी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभिन्न रोगों में एक्स रे तकनीकी का उपयोग प्राइवेट एवं सरकारी अस्पतालों में रोगों की जांच के लिए किया जाता है। इससे संबंधित फिल्म एवं रिपोर्ट को यदि सही प्रकार से समझा जाए तो रोग से संबंधित बहुत सी जानकारियां प्राप्त हो जाती हैं। अस्पतालों में कार्य कर रहे फार्मासिस्ट को भी इन सबकी जानकारी होना आज के समय में अति आवश्यक है। उन्होंने एक्स रे कराते समय विभिन्न सावधानियां के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। दूसरे सत्र में सिंटीग्राफी तकनीकी के बारे में विभाग के अध्यक्ष डॉ विपिन कुमार ने प्रतिभागियों को बताया कि इस तकनीकी के द्वारा विभिन्न दवाओं एवं उससे संबंधित विभिन्न प्रोडक्ट्स के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। सिंटीग्राफी के समय रोगी को रेडियोएक्टिव पदार्थ के साथ दवाएं एवं उनके उत्पाद दिए जाते हैं जिससे रेडियोएक्टिव पदार्थ से निकलने वाले विकिरण को समय-समय पर जांचा जाता है। इससे विभिन्न रोगों एवं उसमें उपयोग होने वाली दावों के प्रभावों को देखा जा सकता है। इस तकनीकी का उपयोग आज के समय में नई-नई दावों के अनुसंधान एवं उत्पादन में किया जा रहा है। इससे दवाओं के प्रभाव एवं दुष्प्रभाव मनुष्य एवं प्रयोग में आने वाले विभिन्न छोटे जंतुओं पर देखे जा सकते हैं।
उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय, देहरादून के ऋषिकुल परिसर हरिद्वार के डॉ यादवेंद्र यादव ने भी एक्स रे तकनीक के बारे में विस्तार से चर्चा की।बलूनी हॉस्पिटल, देहरादून के सर्जन डॉक्टर उदय शंकर बलूनी ने एंडोस्कोपी के बारे में छात्रों को लाभप्रद जानकारी दी।

# बीएमडब्ल्यू मोटोराड इंडिया ने बीएमडब्ल्यू मोटो राड सफारी का 2024 संस्करण शुरू किया

**शुभारंभ**

**8 बीएमडब्ल्यू मोटोराड राइडिंग एक्सपीरियंस बीएमडब्ल्यू मोटोराड सफारी का शुभारंभ कर रहा है।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
बीएमडब्ल्यू मोटोराड भारत में अपने सर्वाधिक प्रतीक्षित राइडिंग एक्सपीरियंस बीएमडब्ल्यू मोटोराड सफारी का शुभारंभ कर रहा है। केवल बीएमडब्ल्यू मोटोराड ओनर्स के लिए संकल्पित, बीएमडब्ल्यू मोटोराड सफारी पूरी दुनिया में अल्टीमेट राइडिंग एक्सपीरियंस प्रदान करता है।
विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा कि मोटासाइक्लिंग महज भ्रमण से कहीं ज्यादा है जो निजी जुनून की खोज करने, अनछुए इलाकों को सामने लाने, और बेमिसाल आजादी को अपनाने के लिए एक विशिष्ट रास्ता प्रदान करता है। बीएमडब्ल्यू मोटोराड अनुभवों का एक विस्तृत संसार प्रस्तुत करता है, जिसे हर राइडर की जरूरतों के अनुसार तैयार किया गया है। बीएमडब्ल्यू मोटोराड सफारी का लक्ष्य नए ऐडवेंचर्स को जाहिर करना और मालिकों को उनकी मोटोराड मोटरसाइकिलों की क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाने के लिए सशक्त बनाना है। दूसरों के साथ से राइडिंग का आनंद बढ़ जाता है और इस प्रकार बीएमडब्ल्यू मोटोराड सफारी को सभी प्रतिभागियों के लिए अविस्मरणीय यादों, विवरणों, और यात्राओं के लिए डिजाइन किया गया है, जो मोटरसाइक्लिंग समुदाय को साझा बंधनों और यादों से समृद्ध करता है।
बीएमडब्ल्यू मोटोराड वर्ष 2024 में मोटोराड सफारीज और वीकएंड एस्केप के माध्यम से 72 से ज्यादा एक्सपिडिशन्स पेश करेगा। यह विशिष्ट सफारी संपूर्ण इंडिया में फैले बीएमडब्ल्यू के व्यापक डीलर नेटवर्क के माध्यम से आयोजित किया जाएगा।

# भाजपा ने नैनीताल में सोशल मीडिया मंडल प्रभारी नियुक्त किए

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नैनीताल जिले में सोशल मीडिया के मंडल प्रभारियों की नियुक्त की है। सभी 22 मंडलों का दायित्व 10 प्रभारियों को सौंपा गया है।
भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट एवं प्रदेश संयोजक सोशल मीडिया नवीन ठाकुर की सहमति के बाद सोशल मीडिया विभाग के जिला संयोजक संजय पांडे ने सोशल मीडिया मंडल प्रभारियों की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि कामायनी मिश्रा को गरमपानी, कालाढूंगी तथा हेमा देवी को मालधन, लामाचैड़ मंडल सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# आईआईएम काशीपुर ने 200 बच्चों को बाटे स्टेशनरी किट

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
वंचित बच्चों और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शैक्षिक गतिविधियों का समर्थन करने के लिए, आईआईएम काशीपुर के परिवर्तन सेल के छात्रों ने 200 से अधिक बच्चों को स्टेशनरी किट वितरित किए हैं। 17 फरवरी को आईआईएम के परिवर्तन सेल के छात्रों की एक टीम ने भीम नगर के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों का दौरा किया। इसने प्राथमिक विद्यालय में 67 और माध्यमिक विद्यालय में 48 छात्रों को 115 स्टेशनरी किट वितरित किए। वितरण के बाद बच्चों के साथ चर्चा की और उन्हें कई जरूरी टिप्स भी दिए।
इसके अगले सप्ताह 25 फरवरी को छात्रों की टीम ने राम नगर स्थित जेनेट शीड रॉबर्ट्स रेजिडेंशियल स्कूल फॉर स्पेशल नीड्स चिल्ड्रेन का दौरा किया। वहा छात्रों ने 60 दिव्यांग बच्चों को विशेष रूप से तैयार की गई स्टेशनरी किट वितरित की।
इसी क्रम में, 28 फरवरी को छात्रों ने आईआईएम काशीपुर परिसर में निर्माण श्रमिकों के बच्चों को स्टेशनरी किट वितरित किए। जीवन में शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देते हुए, वंचित बच्चों को 28 स्टेशनरी किट बाटे गए। इन युवा शिक्षार्थियों की शैक्षणिक गतिविधियों पर सार्थक प्रभाव डालने के सामूहिक लक्ष्य के साथ, प्रत्येक किट में आवश्यक स्टेशनरी आइटम, नोटबुक, रंग भरने वाली किट, रंग भरने वाली किताबें और बुनियादी स्टेशनरी शामिल थीं। काइट्स पहल के बैनर तले, इन छात्रों ने न केवल स्वेच्छा से अपना समय दिया, बल्कि अपने ज्ञान और विशेषज्ञता को भी साझा किया, युवा दिमागों को मार्गदर्शन प्रदान किया और ऊंची सोच और ऊंची उड़ान पर जोर दिया। छात्र परिवर्तन सेल के प्रयास सहानुभूति और सेवा के लोकाचार का उदाहरण देते हैं जो आईआईएम काशीपुर की संस्कृति को रेखांकित करता है। शिक्षा के ताकत का लाभ उठाकर, उनका लक्ष्य समाज के सभी वर्गों के व्यक्तियों का उत्थान और सशक्तिकरण करना है, चाहे उनकी पृष्ठभूमि या परिस्थिति कुछ भी हो।
पहल के बारे में बोलते हुए, परिवर्तन सेल की सचिव दीक्षिता मिश्रा ने कहा कि हमारा स्टेशनरी दान अभियान केवल भौतिक सहायता प्रदान करने के बारे में नहीं है; यह इन युवा शिक्षार्थियों के दिलों में आशा पैदा करने और संभावना की भावना को बढ़ावा देने के बारे में है।
उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि शिक्षा एक परिवर्तनकारी है बल, और इस तरह की पहल के माध्यम से, हम उन लोगों के जीवन में एक ठोस बदलाव लाने का प्रयास करते हैं जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।
परिवर्तन सेल इस पहल की सफलता में योगदान देने वाले सभी स्वयंसेवकों, दानदाताओं और समर्थकों के प्रति आभार व्यक्त करता है। उनके सामूहिक प्रयासों ने वास्तव में सैकड़ों बच्चों के जीवन पर सार्थक प्रभाव डाला है, एक उज्जवल और अधिक

# एक वर्ष से क्षतिग्रस्त पेयजल लाइन का नहीं हुआ सुधारीकरण

**मांग**

**8 क्षतिग्रस्त पेयजल योजना के सुधारीकरण किये जाने तक वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था की मांग की है।**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के कर्णप्रयाग विकास खंड के उतरौं गांव के अनुसूचित जाति के परिवार पीएमजीएसवाई विभाग की हिलाहवाली के चलते एक वर्ष से पीने के पानी के लिए मोहताज हो रखे हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने एक ज्ञापन चमोली जिलाधिकारी को सौंप कर क्षतिग्रस्त पेयजल योजना के सुधारीकरण किये जाने तक वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था किये जाने की मांग की है।
उतरौं के ग्राम प्रधान अनिल कुमार डिमरी, शशि देवी, वंदना देवी का कहना है कि उतरौं में अनुसूचित जाति के लगभग 40 परिवार निवास करते हैं। इनके लिए जल निगम की ओर से पेयजल लाइन बिछाई गयी थी, लेकिन पीएमजीएसवाई की ओर से निमार्णाधीन लंगासू-उल्फाडा-उतरौं-कांडा मैखुरा मोटर मार्ग के कारण एक वर्ष पूर्व पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। ग्रामीणों ने इसके सुधारीकरण के लिए पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को पत्र सौंपा, लेकिन विभाग की ओर से कोई सुधारीकरण का कार्य नहीं किया गया है।उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इस पेयजल लाइन के सुधारीकरण पर चार लाख रुपये खर्च आ रहा है जिसका आंगणन शासन को भेजा गया है। विभाग की इस हिलाहवाली के चलते एक वर्ष से अभी तक पेयजल लाइन का सुधारीकरण नहीं किया गया। इससे ग्रामीणों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण नदी से पानी ढोने के लिए मजबूर हो रहे हैं।
उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि जब तक पेयजल लाइन का सुधारीकरण नहीं हो जाता है तब तक पानी की वैकल्पिक व्यवस्था किये जाने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रधान अनिल कुमार डिमरी, मुन्नी देवी, प्रीति देवी, आशा देवी आदि शामिल थे।

# नशे की बड़ी डील पर पुलिस का प्रहार, चार तस्कर गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ज्वालापुर कोतवाली पुलिस व एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने स्मैक के साथ चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है।
पुलिस आरोपितों के कब्जे से 308 ग्राम स्मैक व तस्करी में प्रयुक्त कार के साथ तराजू भी बरामद किया है।
मामले का ज्वालापुर कोतवाली में खुलासा करते हुए एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने बताया कि पुलिस को मुखबिर के द्वारा स्मैक की बड़ी डील होने का इनपुट मिला। इनपुट के आधार पर उन्होंने सीओ ज्वालापुर शांतनु पाराशर को कोतवाली ज्वालापुर एवं एएनटीएफ की संयुक्त टीम गठित करते हुए डील में शामिल हो रहे सभी तस्करों को दबोचने के. निर्देश दिए। संयुक्त टीम ने पुलिस की रडार पर चल रहे दंपति समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के पास से 308 ग्राम स्मैक, 14 हजार की नकदी, डिजिटल तराजू एवं डील के दौरान प्रयोग की गई कार बरामद की। आरोपितों के नाम रईस उर्फ गोलू पुत्र सईद निवासी लादपुर खुर्द लक्सर हरिद्वार, शहजाद उर्फ गड्डी पुत्र फुरकान निवासी जबरदस्तपुर रुड़की हरिद्वार, अभिषेक राजपूत पुत्र राजवीर सिंह व अभिषेक निवासीगण ग्राम स्याऊ थाना चांदपुर जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश हाल निवासी चोर गली सुभाष नगर ज्वालापुर बताए।



एसएसपी ने बताया कि नशा तस्कर रईस उर्फ गोलू अपने साथी शहजाद उर्फ गड्डी के साथ बरेली से स्मैक की डिलीवरी लेकर कार से आरोपित दंपति को देने आया था। दंपति ने नशा सामग्री बेचकर वर्ष 2020 में सुभाषनगर में एक घर खरीदा था जो पति अभिषेक के नाम पर है। एसएसपी ने बताया कि आरोपितों का आपराधिक इतिहास है। आरोपित रईस के खिलाफ एनडीपीएस के चार मुकदमें, अभिषेक के खिलाफ 2 व महिला के खिलाफ एनडीपीएस के तीन मुकदमें दर्ज हैं।

# ईजमायट्रिप ने ट्रैवल बुकिंग पर भारी छूट के साथ लीप ईयर ट्रैवल सेल का किया अनावरण

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारत के अग्रणी ऑनलाइन ट्रैवल टेक प्लेटफॉर्मों में से एक, ईजमायट्रिप .कॉम ने लीप ईयर ट्रैवल सेल की घोषणा की है, जो एक स्पेशल स्प्रिंग सेल है जो विस्तृत रेंज की यात्रा सेवाओं पर भारी छूट का वादा करता है। 27 फरवरी से 5 मार्च, 2024 तक चलने वाली यह सेल यात्रियों को उड़ानों, होटलों, बस टिकटों, कैब किराए और हॉलिडे पैकेजों पर आकर्षक डील्स के साथ रोमांच का एक्स्ट्रा डोज देने के लिए डिजाइन की गई है। लीप ईयर ट्रैवल सेल के दौरान ग्राहकों को उड़ानें- 25 प्रतिशत तक की छूट, होटल- 50 प्रतिशत तक की छूट, बसें - 15 प्रतिशत तक की छूट, कैब - 12 प्रतिशत तक की छूट मिल सकती है। हॉलिडे पैकेज आईएनआर 11,299/- से शुरू है।इन शानदार डिस्काउंट को प्राप्त करने के लिए, ग्राहक ईजमायट्रिप ऐप या वेबसाइट के माध्यम से बुकिंग करते समय प्रोमो कोड ईएमटीलीप का उपयोग कर सकते हैं। इसके अलावा, चुनिंदा बैंक भागीदारों जैसे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड (अमेजॅन पे क्रेडिट कार्ड सहित) के साथ बुकिंग करके, उपयोगकर्ता अतिरिक्त छूट का लाभ उठा सकते हैं, जिससे उनके यात्रा अनुभव और भी बेहतर हो जाते हैं। इस सेल को और भी रोमांचक बनाने के लिए, सेल की अवधि के दौरान किया गए हर ट्रांजेक्शन पर आपको बाटा, फर्न्स एन पेटल्स, जेप्टो, वारी और वॉगल्स सहित चुनिंदा ब्रांड भागीदारों से गिफ्ट वाउचर जीतने का मौका देता है।ईजमायट्रिप ने इस सेल के लिए कई प्रतिष्ठित एयरलाइन पार्टनर्स के साथ हाथ मिलाया है, जिसमें अमेरिकन एयरलाइंस, एयर मॉरीशस, एयर फ्रांस, केएलएम रॉयल डच एयरलाइंस, एयर अस्ताना, अकासा, एयर इंडिया, डेल्टा एयरलाइंस, ब्रिटिश एयरवेज, इजिप्ट एयर, इथियोपियन एयरलाइंस, गल्फ एयर, आईटीए एयरवेज, इंडिगो, केन्या एयरवेज, लुफ्थांसा, स्विस इंटरनेशनल एयरलाइंस, लॉट पोलिश, म्यांमार एयरलाइंस, ओमान एयर, क्वांटास एयरवेज, कतर एयरवेज, रवांडएयर, स्टार एयर, सिंगापुर, सऊदी एयरलाइंस, तुर्की एयरलाइंस, विस्तारा, वर्जिन अटलांटिक, और वियतनाम एयरलाइंस शामिल है।

